CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 205 ▫ रायपुर, मंगलवार 18 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### ऑटो चालक पर छात्रा को घर के बजाय सुनसान इलाके में ले जाने का आरोप, लोगों ने की पिटाई



**अंबिकापुर, 18 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक ऑटो चालक नशे की हालत में छात्रा को ट्यूशन से घर के बजाय सुनसान इलाके में गलत इरादे से लेकर जा रहा था। हालांकि स्थानीय लोगों ने ऑटो चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। यह पूरा मामला गांधी नगर थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि 13-14 वर्षीय छात्रा देर शाम ट्यूशन के बाद ऑटो से अपने घर लौट रही थी। आरोप है कि चालक ने उसे घर पहुंचाने के बजाय कॉलेज ग्राउंड की तरफ ले जाना शुरू कर दिया। इस दौरान बच्ची ने शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई। बच्ची की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों और ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने ऑटो को रोक लिया। इसके बाद छात्रा को सुरक्षित ऑटो से बाहर निकाला और आरोपी चालक पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

### कलेक्टर से अभद्र व्यवहार करना पड़ा भारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक निलंबित

**बालोद, 18 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले के गुंडरदेही में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की मौजूदगी में आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर से अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है। मामले में कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक यशवंत साहू को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, उप स्वास्थ्य केंद्र चंदनबिरही में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक यशवंत साहू से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की कम उपलब्धि के संबंध में जानकारी ली जा रही थी। इसी दौरान यशवंत साहू ने कलेक्टर के साथ कथित तौर पर अभद्रता की और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद ने यशवंत साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि के दौरान ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक यशवंत साहू का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डौंडी निर्धारित किया गया है।

### कर्नाटक केपीएसएस घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व चेयरमैन के घर समेत 21 ठिकानों पर मारे छापे

**नई दिल्ली, 18 अगस्त (न्यूज चैनल)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के निलंबित किए गए चेयरमैन शिवशंकरप्पा एस साहूकार, सदस्य शांता होसमनी और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई वेटनरी ऑफिसर भर्ती परीक्षा में कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई। यह जानकारी एक अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य और गुजरात में लगभग 21 जगहों की तलाशी ली जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई तब शुरू की गई जब केंद्रीय जांच एजेंसी ने इन कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया। तलाशी वाले ठिकानों में बंगलूरू में केपीएससी का ऑफिस, निलंबित किए गए केपीएससी चेयरमैन शिवशंकरप्पा एस साहूकार और सदस्य शांता होसमनी के घर है। इसके साथ ही कुछ कथित बिचौलिए, एडुटेस्ट सॉल्यूशंस नाम की कंपनी (जो परीक्षा के पेपरों के डिजिटल मूल्यांकन के लिए जिम्मेदार थी) का ऑफिस और वेटनरी ऑफिसर के पद के लिए चुने गए उम्मीदवार शामिल हैं।




**चूहा- सुनती हो, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन ने अपनी नई टीम की घोषणा कर दी है।**
**चुहिया- हां जी, गुजरात, उत्तरप्रदेश और पंजाब चुनाव अगले साल होना है, उसी समय रिजल्ट पता लगेगा।**

# खतरे के बीच बच्चों की पढ़ाई!

## जिले के 100 से ज्यादा स्कूल हुए जर्जर पंचायत भवन में लग रही क्लास






**जगदलपुर, 18 अगस्त (हाईवे चैनल)।** बस्तर के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य पर अब जर्जर स्कूल भवनों का खतरा मंडरा रहा है। जिन स्कूलों में बच्चों का भविष्य संवरना चाहिए वहां कई बच्चे आज बदहाल और अति जर्जर भवनों के बीच पढ़ने को मजबूर हैं। कई स्कूलों में भवन की खराब स्तिथि के कारण नियमित कक्षाएं संचालित करने के लिए पर्याप्त कमरे तक उपलब्ध नहीं है। दरअसल, सरकारी आंकड़े इस स्थिति की गंभीरता खुद बयां कर रहे हैं। बस्तर जिले में ही 124 स्कूल भवन अति जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं। इनमें 76 प्राइमरी और 48 मिडिल स्कूल भवन शामिल हैं। हालात इतने खराब हैं कि कई स्कूलों में नियमित कक्षाओं के लिए कमरे तक उपलब्ध नहीं हैं। कहीं बच्चों की कक्षाएं अतिरिक्त भवनों में लग रही हैं।

उदाहरण के रूप में तोकापाल इलाके के एर्राकोर्ट मिडिल स्कूल अति जर्जर की स्थिति में होने की वजह से पूरी स्कूल पंचायत भवन में संचालित हो रहे हैं, तो कहीं लैब, प्रधानाध्यापक के कार्यालय में बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। बारिश के मौसम में परेशानी और बढ़ जाती है। जर्जर भवन, खराब छत और भवनों की गुणवत्ता को लेकर सामने आ रही समस्याओं के बीच सबसे बड़ी चिंता बच्चों की सुरक्षा की है। जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने भी माना है कि जिले में 124 विद्यालय भवन अति जर्जर हो चुके हैं। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए इन स्कूलों की कक्षाएं सुरक्षित स्थानों पर संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जर्जर भवनों की जानकारी शासन-प्रशासन को भी भेजी गई है। सवाल अब सिर्फ वैकल्पिक व्यवस्था का नहीं है। सवाल यह भी है कि बच्चों को कब तक जर्जर भवनों से दूर रखकर पढ़ाया जाएगा और इन स्कूलों के स्थायी समाधान पर कब काम होगा क्योंकि बच्चों का भविष्य मजबूत बनाना है, तो उनकी पढ़ाई की नींव भी मजबूत और सुरक्षित होनी चाहिए।

### एमपी के भिंड में दर्दनाक हादसा

## यूपी के लखीमपुर लौटते वक्त पिकअप डंपर से टकराई, आठ की मौत, 25 घायल



**नई दिल्ली, 18 अगस्त (न्यूज चैनल)।** भिंड में नेशनल हाईवे-719 पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गोहद के छीमका गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। पिकअप में ग्वालियर क्षेत्र से धान की रोपाई का काम पूरा कर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी लौट रहे मजदूर सवार थे। हादसे में आठ मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

हादसा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब एक बजे हुआ। पुलिस के मुताबिक, पिकअप की रफ्तार करीब 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा होने का अनुमान है। छीमका गांव के पास हाईवे पर कुछ गायें सड़क पर बैठी थीं। अचानक सामने आए मवेशियों को बचाने के प्रयास में पिकअप चालक ने वाहन मोड़ दिया और सामने से आ रहे डंपर से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वाहन में सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। गोहद चौराहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## बाल संप्रेक्षण गृह में युवक ने की आत्महत्या, दूसरा मामला आने से मचा हड़कंप




**बिलासपुर, 18 अगस्त (हाईवे चैनल)।** शहर के सरकंडा स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में संचालित प्लेस ऑफ सेफ्टी में एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है। घटना आज 18 अगस्त 2026 सुबह की बताई जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित बाल संप्रेक्षण गृह में हुई इस घटना की जानकारी सरकंडा थाना को दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। अभी तक विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि बाल संप्रेक्षण गृह में आत्महत्या का यह दूसरा मामला है। इससे पहले वर्ष 2019 में भी यहां एक युवक निखिल यादव ने आत्महत्या की थी। उस मामले में भी लंबे समय तक जांच चली थी। इस मामले में यहां की अधीक्षिका के खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी। बता दें कि कुछ समय पूर्व ही बिलासपुर के इसी बाल संप्रेक्षण गृह में कुछ अपचारी बालकों ने मिलकर यहां ड्यूटी पर तैनात चौकीदार की हत्या करने के बाद फरार हो गए थे। इस वारदात को लेकर काफी दिनों तक बवाल चलता रहा।

बाल संप्रेक्षण गृह, बिलासपुर में लगातार तीसरी घटना सामने आने के बाद संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर सवाल उठने लगे हैं। सरकंडा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं जानकारी मिली है कि मृत युवक रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ ब्लॉक के किसी दूरस्थ अंचल का रहने वाला है और उसे 15 अगस्त को ही प्लेस ऑफ सेफ्टी में दाखिल किया गया था। यह भी जानकारी मिली है कि युवक को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि उसने शौचालय में आज सुबह 6 बजे के आसपास फांसी लगाई है।

## बैंक के डिप्टी मैनेजर ने की 14.97 लाख की हेराफेरी

**ग्राहक की एफडी तुड़वाकर दूसरे खाते में ट्रांसफर की रकम, मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस**

**रायपुर, 18 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां एक्सिस बैंक के डिप्टी मैनेजर पर ग्राहक की फिक्स्ड डिपॉजिट तुड़वाकर करीब 14.97 लाख रुपए की हेराफेरी किए जाने का आरोप है। मामले में गंज थाना पुलिस ने डिप्टी मैनेजर समेत दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह पूरा मामला देवेंद्र नगर स्थित एक्सिस बैंक शाखा का है, जहां पीड़ित सुषमा कुमार का खाता है। आरोप है कि बैंक के डिप्टी मैनेजर कुलदीप सिंह ने बिना जानकारी और सहमति के फर्जी कस्टमर रिक्वेस्ट फॉर्म के जरिए उसके खाते में दर्ज मोबाइल नंबर बदल दिया। इसके बाद 14.40 लाख रुपए से अधिक की स्नष्ठ को समय से पहले बंद कर दिया। स्नष्ठ की रकम बचत खाते में जमा होने के बाद खाते में पहले से मौजूद राशि को मिलाकर कुल करीब 14.97 लाख रुपए गुढ़ियारी स्थित एक निजी फर्म के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। जांच में सामने आया कि रकम इंडियन सेल्स के खाते में भेजी गई थी, जिसका संचालन योगेश येडे द्वारा किया जाता है। आरोप है कि इसके बाद चेक और एटीएम के माध्यम से रकम निकाल ली गई।

## सुबह-सुबह रेलवे पटरी पर युवक की मिली लाश, इलाके में मचा हड़कंप



**रायपुर, 18 अगस्त (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के गोगांव अडंरब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक पर सुबह-सुबह युवक की संदिग्ध लाश मिली है. मृतक की पहचान छोटा अशोकानगर निवासी 19 वर्षीय प्रीतम साहू के रूप में हुई है. वह नड्डा बेचने का काम करता था. यह घटना शव पर चोटें संदिग्ध मिलने के बाद और भी ज्यादा सनसनीखेज हो गई है. शुरुआती पुलिस जांच में हत्या के बाद शव फेंकने की बात सामने आ रही है. मामला गुढ़ियारी थाना इलाके का है।

जानकारी के मुताबिक, कल सुबह करीब 7 बजे पुलिस को सूचना मिली की गोगांव में रेलवे ट्रैक पर प्रतीम साहू पिता शिवुकमार साहू का शव पड़ा है. मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की. ट्रेन की चपेट में आने से पैर के चिथड़े उड़ गए थे. शव पर चोटों के निशान संदेहजनक मिलने पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया. घटनास्थल की बारीकी से जांच कर महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए. वहीं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना से एक और इलाके में हड़कंप मच गया है, वहीं दूसरी तरफ शव पर मिले संदिग्ध चोटें हत्या की ओर इशारा कर रही है. पुलिस हर संभावित एंगल से जांच शुरू कर दी है. गोगांव और अशोकनगर के कई युवकों से पूछताछ जारी है।

## खेलते-खेलते नाले में गिरा 4 साल का मासूम, डूबने से हुई मौत



**रायपुर, 18 अगस्त (हाईवे चैनल)।** 2000 करोड़ों से अधिक बजट वाले नगर निगम रायपुर में 4 साल के मासूम की नाले में गिरने से मौत हो गई. गली में खेलने के दौरान वह अचानक नाले में गिर गया और करीब 500 मीटर दूर पुलिस के पास बहते हुए चला गया. घटना के दौरान बड़ी बहन से पास के दुकानदार को मदद के लिए बुलाने के बजाए अपनी मां को बुलाने चली गई. नाले से निकाले जाने के बाद बच्चे को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूरी घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के महात्मा गांधी नगर की है।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार को गली में चार साल का काव्यांश साहू 4-5 बच्चों के साथ खेल रहा था. बारिश के कारण गली में पानी भर गया था. खेलते-खेलते मासूम अचानक नाली में जा गिरा. बहते-बहते वह 500 मीटर दूर जा पहुंचा. स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना के दौरान मृतक की बड़ी बहन वहां मौजूद थी, लेकिन वह पास के दुकानदार से मदद मांग के बजाए, अपनी मां को बुलाने के लिए चली गई। बताया जा रहा है कि तीन फीट गहरे नाले से उसे बाहर निकाला गया. गंभीर महालत में मेडिशाइन अस्पताल भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित करता. अगर वह घटना के बाद पास के किराना दुकानदार को जानकारी देती तो शायद मासूम की जान बच सकती थी। इसी महीने काव्यांश का जन्मदिन था. उसके पिता खिलेश साहू मिस्त्री हैं और काम के सिलसिले में लखनऊ गए हुए हैं. रायपुर में वह अपनी मां किरण साहू और बड़ी बहन वर्षा साहू के साथ रहता था। बारिश के मौसम में खुले नाले और गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं. एक और छोटी नालियां कचरे से लबालब हो जाती हैं, वही दूसरे ओर सुरक्षा व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण हादसों का खतरा बढ़ा गया है. इस घटना ने निगम की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि खुले नालों और गड्?ढों को सुरक्षित करने के लिए निगम ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## भाजपा ने 3 राज्यों के प्रभारियों का किया एलान, सतीश पुनिया को पंजाब विनोद तावड़े को यूपी तो गुजरात की तरुण चुग को मिली जिम्मेदारी



**नई दिल्ली, 18 अगस्त (न्यूज चैनल)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात के लिए नए प्रदेश प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए हैं। पार्टी ने इन राज्यों की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है। उत्तर प्रदेश: राज्यसभा सांसद विनोद तावड़े को प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है, जबकि जगदीश ईश्वरभाई पटेल को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। पंजाब: भाजपा के राष्ट्रीय महाचिव और राज्यसभा सांसद सतीश पूनिया को प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुजरात: राज्यसभा सांसद तरुण चुग को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। यह बदलाव ऐसे समय हुआ है, जब इन तीनों राज्यों में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसको देखते हुए पार्टी अब अपनी चुनावी तैयारियां और अभियान तेज कर सकती है।

इससे पहले भाजपा अध्यक्ष ने सोमवार को पार्टी के नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों के नामों का एलान किया था। पार्टी की ओर से जारी सूची के मुताबिक, नई टीम में कई वरिष्ठ नेताओं को अहम जिम्मेदारियां दी गई। नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हुईं। नई टीम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया समेत 13 नेताओं को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, स्मृति ईरानी और विनोद तावड़े को राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा की ओर से जारी सूची के अनुसार, वसुंधरा राजे सिंधिया, तीरथ सिंह रावत, राम माधव, बैजयंत जय पांडा, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन नरेंद्रभाई दोशी, डॉ. भारती प्रवीण पवार, सरदार मनप्रीत सिंह बादल, लाल सिंह आर्य, प्रो. एम. नागराजा, प्रो. तारिक मंसूर और डॉ. मधुचंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस सूची में अलग-अलग राज्यों के नेताओं को जगह दी गई है, जिससे संगठन में क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का भी ध्यान रखा गया है। नई टीम में स्मृति ईरानी और विनोद तावड़े को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया। दोनों नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीएल संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) के पद पर बरकरार रखा गया है। वहीं, शिवप्रकाश और सौदान सिंह को राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री (संगठन) की जिम्मेदारी दी गई।

## छात्र आंदोलन पर सुनवाई: बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- एके-47 से हुई फायरिंग



**नई दिल्ली, 18 अगस्त (न्यूज चैनल)।** बिहार सरकार ने छात्र प्रदर्शन के दौरान एके-47 से फायरिंग की बात सुप्रीम कोर्ट में स्वीकार की है। लेकिन इसके साथ ही सरकार ने दावा किया है कि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है। राज्य सरकार ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की बर्बरता के आरोपों वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में एक जवाबी हलफनामा दायर किया है। इसमें प्रदर्शनकारियों को नुकसान पहुंचाने के लिए जरूरत से ज्यादा बल के इस्तेमाल से साफ इनकार किया गया है।

बिहार सरकार ने अपने हलफनामे में बताया कि सिवान के जेपी चौक के पास एक पुलिसकर्मी भीड़ में फंस गया था। अपनी सुरक्षा के लिए उसने एके-47 से हवा में चार राउंड फायर किए। सरकार के मुताबिक, इस फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, पुलिसकर्मी को कथित गलत व्यवहार के लिए निलंबित कर उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सरकार ने यह भी बताया कि हाथी चौक के पास भीड़ को हटाने के लिए एक एएसआई ने पिस्टल से दो गोलियां चलाईं। इससे तीन प्रदर्शनकारियों को हथियार से मामूली चोटें आईं। हलफनामे में साफ किया गया कि ये तीनों एके-47 की गोली से घायल नहीं हुए थे।

CMYK